अजीत समाचार 06/04/2024

जीएमएन कालेज के 132 विद्यार्थियों का नौकरी पाने का सपना हुआ साकार

प्लेसमैंट कार्यक्रम में अपनी पारी का इंतजार करते हुए विद्यार्थी।

अम्बाला कैंट, 5 अप्रैल (अग्रवाल): गांधी मैमोरियल नेशनल कालेज मे प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से 132 छात्रों का नौकरी पाने का सपना साकार हुआ है। प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि जीएमएन कालेज में हर साल की तरह इस साल भी विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने शिरकत की एवं उद्यमी छात्रों को रोजगार संबंधित अवसरों के लिए चयन का मौका दिया। डॉ. दत्त ने कहा कि जीएमएन कालेज सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत रहता है और इस रोजगार मेले का आयोजन इस दिशा में एक सार्थक पहल है। हमारा उद्देश्य अपने विद्यार्थियों को उच्चतम पोटेंशियल को प्राप्त कर स्वावलंबी बनाना है। प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ. अनुपमा सिहाग ने जानकारी देते हुए बताया कि कालेज द्वारा आयोजित रोजगार मेले में कुल 20 कंपनियो ने शिरकत की, जिसमें मुख्यत प्यूमा, क्रासलैंड फाउंडेशन, विद्या ज्योति एडुवर्सिटी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, श्रीराम फाइनेंस, एयू बैंक, डीजी एक्सपर्ट्स, न्यूज़ 99, मुथूट फाइनेंस, डीजी ब्रूक्स इत्यादि कंपनियां शामिल है। प्लेसमेंट सेल के सह प्रभारी श्याम रहेजा ने बताया कि लगभग ढाई सौ विद्यार्थियों ने इस रोजगार मेले के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिसमें से कल 132 विद्यार्थियों का चयन नौकरी के लिए किया गया है। कालेज प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्लेसमेंट सैल के सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और छात्रों को इस नई दिशा में जोश और उत्साह के साथ काम शुरू करने के लिए प्रेरित किया।